कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना चोहटन जिला बाडमेर

क्रमांक – ईमेल

दिनांक 29.07.20

प्रेषिति

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय

जिला बाडमेर

विषय – मुकदमा नम्बर 249 दिनांक 28.07.20 धारा 323, 342 भादस पुलिस थाना चोहटन की तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने बाबत।

महोदय,

वाक्यांत मुकदमा हाजा इस प्रकार है कि निवेदन है कि दिनांक 28.07.2020 को सोशियल मिडिया पर कुछ लोगो द्वारा एक व्यक्ति को पेड़ से बांधकर जिसके बाल काटते हुए व मारपीट करते हुए विडीयो वायरल होने पर मालुमात किया गया तो पेड़ के बांधा हुआ व्यक्ति भुपतराम पुत्र जवाराराम जाति भील निवासी मोगावा पुलिस थाना बाखासर के रुप ज्ञात हुआ दिनांक 25.07.2020 को उक्त भुपतराम अपने गांव से रतनपुरा कोनरा मे भैराराम भील के घर रात्रि मे आकर रुकने पर भैराराम के भाई बन्दुओं भील समाज के लोगों को पता चलने पर कुछ भील समाज के लोगों द्वारा भुपतराम को पकड़कर पेड़ के बांधकर मारपीट कर सिर बाल काटना ज्ञात होने पर पुलिस द्वारा स्वय प्रेरणा से मुकदमा नम्बर 249 दिनांक 28.07.2020 धारा 323,342 भादसं से दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

दौराने अनुसंधान मजरूब श्री भुपतराम पुत्र जवाराराम जाति भील उम्र 26 साल निवासी मोगावा पुलिस थाना बाखासर जिला बाडमेर से सम्पर्क किया जाकर मजरूब भुपतंराम के लगी चोटो का मेडीकल मुआयना करवा गया। मजरूब श्री भुपतराम की हस्प निशादेही मे घटना स्थल का निरीक्षण कर फर्द नक्शा मौका व हालात मौका मुर्तिब किया गया। मजरूब श्री भुपतराम, गवाह श्रीमति कुतल, भैराराम, भूगड़ाराम, जवाराराम, से तफतीश कर बयान लेखबद्व किये गये।

प्रकरण हाजा की घटना के बारे मालुमात करनें पर ज्ञात हुआ कि मजरूब भुपतराम पुत्र जवाराराम जाति भील निवासी मोगावा पुलिस थाना बाखासर व श्रीमति कुतली पत्नि भैराराम जाति भील उम्र 36 साल निवासी कोनरा पुलिस थाना चोहटन के आपस मे प्रेम प्रंसग होने से मजरूब भुपतराम दिनांक 24.07.20 को रात्रि मे भैराराम भील के घर आकर रूका। भैराराम मजदूरी पर गुजरात गया हुआ था। दिनांक 25.07.20 को भैराराम के भाई बन्धु पड़ौसीयो द्वारा मजरूब भूपतराम को भैराराम के घर देखने पर भूपतराम को पकड़ कर भैराराम के घर के आगे एक रोहिड़े के पेड़ के बांध कर मजरूब भूपतराम के साथ मारपीट कर सिर पर बाल काटा गया। जिसका विडीयो तैयार किया गया। प्रकरण हाजा की घ्टना के बाद मजरूब भूभतराम के परिजन मौका पर पहूच कर दोनो पक्ष एक ही भील समाज होने से आपस मे राजीनामा कर मजरूब भूपतराम को उसके परिजनो को सुर्पुद करने पर भूपतराम अपने गांव चला गया। उक्त घटना की सूचना पुर्व मे थाना पर नही दी गयी। घटना का विडीयो सोसियल मिडीया पर वायरल होने पर पुलिस द्वारा स्वप्रेरणा से विडीयो पर प्रसंज्ञान लेते हुए मुकदमा नम्बर 249 दिनांक 28.07.2020 धारा 323, 342 भादसं पुलिस थाना चोहटन मे दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

प्रकरण हाजा मे मुल्जिमानो की विडीयो के आधार पर पहचान की जाकर मुल्जिमान (1) मंगलाराम पुत्र गोरधनराम जाति भील उम्र 40 साल निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चोहटन, (2) प्रवीण उर्फ पवाराम पुत्र मोहनराम जाति भील उम्र 19 साल निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चोहटन, (3) प्रभूराम पुत्र गोरधनराम जाति भील उम्र 34 साल निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चोहटन, (4) गिरधारीराम पुत्र जेठाराम जाति भील उम्र 36 साल निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चोहटन, (5) मोहनराम पुत्र मींयाराम जाति भील उम्र 48 साल निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चोहटन, (6) हीराराम पुत्र हरचन्दराम जाति भील उम्र 22 साल

Scanned with CamScanner

निवासी रतनपुरा कोनरा पुलिस थाना चौहटन को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान जारी है। तफ्तीश शीघ्र तकमील की जाकर आरोपीयान् के खिलाफ चालान पेश किया जावेगा।
अतः तथ्यात्मक रिपोर्ट सादर प्रेषित है।

भवदीय,
सही/-
थानाधिकारी
पुलिस थाना चौहटन

Scanned with CamScanner